संसद सदस्यों ने मौलाना अबुल कलाम आजाद को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 11 नवम्बर, 2014: राज्य सभा के उप सभापति, प्रो. पी.जे. कुरियन; लोक सभा के उपाध्यक्ष डा. एम. तंबिदुरै; शहरी विकास मंत्री, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संसदीय कार्यमंत्री श्री एम. वैंकैय्या नायडू; अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, डा. नजमा ए. हेपतुल्ला; और पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी ने आज मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

मौलान आजाद को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों में अनेक केन्द्रीय मंत्री; संसद सदस्य; और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे । लोक सभा के महासचिव, श्री पी.के. ग्रोवर और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शैरिफ तथा लोक सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी मौलाना अबुल कलाम आजाद को श्रद्धांजलि दी ।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डा. राजेन्द्र प्रसाद, ने 16 दिसम्बर, 1959 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में मौलाना अबुल कलाम आजाद के चित्र का अनावरण किया था ।